17.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर से 46 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

○ प्रधानमंत्री ने भजनलाल सरकार के एक साल के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। कहा–पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना से राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

○ लोकसभा में आज ''एक राष्ट्र–एक चुनाव'' से संबंधित विधेयक पेश।

○ प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में गिरावट से सर्दी का असर बढ़ा–कई जगहों पर शीतलहर से ठिठुरन का अहसास।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जयपुर में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर जयपुर के पास दादिया गांव में आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान श्री मोदी ने 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें 7 केंद्र सरकार की और 2 राज्य सरकार की परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने 35 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण पार्वती, कालीसिंध, चंबल लिंक परियोजना भी शामिल है। इस परियोजना के लिए प्रधामनंत्री की मौजूदगी में मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सामझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्वती, कालीसिंध, चंबल लिंक परियोजना से राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न केवल निवेश को बल मिलेगा बल्कि युवाओं को रोजगार के असिमित अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों के विकास में तेजी आयेगी।

...............

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र की पिछली सरकारों के कार्यकाल में राज्यों के बीच जल विवाद कभी समझौतों पर नहीं पहुंच पाये, जिसके कारण संबंधित राज्यों को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार, विवाद के बजाए समाधान पर जोर देती है।

...............

प्रधानमंत्री ने पानी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण समय की जरूरत है और इसके लिए देश के हर नागरिक इसमें योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पानी की हर एक बूंद धरती मां की प्यास बुझाने के काम आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में जन भागीदारी से बड़ी संख्या में रेनवॉटर हारर्वेस्टिंग ढांचे बनाये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में भाजपा की डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो भी संकल्प लेती है उसे ईमानदारी से पूरा करती है।

राजस्थान की भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के कामों की प्रशंसा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में पिछले एक साल में ऐतिहासिक काम हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार ने बहुत अन्याय किया था, जबकि भाजपा

सरकार ने एक साल में हजारों भर्तियों निकालकर पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित की और नियुक्तियां भी दीं।

...............

इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है और इसे स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। उन्होंने अपनी सरकार की ओर से पिछले एक साल में किये महत्वपूर्ण कामों का लेखा जोखा पेश करते हुए कहा कि सरकार ने ईमानदारी से हर वर्ग की सेवा करने का प्रयास किया है।

...............

कार्यक्रम को मध्यप्रदेश के मुख्ममंत्री मोहन लाल यादव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने भी संबोधित किया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग दादिया पहुंचे। कार्यक्रम का जिला स्तर पर सजीव प्रसारण किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आम लोगों ने उत्साह के साथ शिरकत की।

000

लोकसभा में आज ''एक राष्ट्र–एक चुनाव'' से संबंधित दो विधेयक पेश किए गए। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संविधान में 129वें संशोधन विधेयक–2024 और केन्द्रशासित प्रदेश विधि संशोधन विधेयक–2024 को सदन में पेश किया। विधेयक पेश किये जाने के बाद विपक्षी दलों की मांग पर मत विभाजन किया गया। इनमें 269 सदस्यों ने विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में और 198 सदस्यों ने इसके विरोध में मत किया। श्री मेघवाल ने विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि ये विधेयक संविधान की मूल संरचना के खिलाफ नहीं है। उन्होंने विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव किया। देश के पहले विधि मंत्री डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर का वक्तव्य दोहराते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि कोई भी संविधान के संघीय ढांचे में बदलाव नहीं कर सकता।

000

जैसलमेर में आगामी 21 दिसम्बर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक की तैयारियों के संबंध में आज जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने समितियों के सदस्यों से चर्चा की और उनके दायित्वों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आयोजन से संबंधित कार्ययोजना बनाकर सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करने को कहा।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में गिरावट के साथ ही सर्दी का असर दिन में भी तेज होने लगा है। पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित 17 स्थानों पर दिन का पारा नीचे दर्ज किया गया। वहीं फतेहपुर में रात का पारा पिछले छह दिनों से माइनस में रहने के बाद आज बढ़कर 2 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। आज करौली सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा।

इसके अलावा संगरिया में न्यूनतम तापमान 3 दशमलव 4, सीकर में 3 दशमलव 7, माउंट आबू और चूरू में 4, अलवर में 4 दशमलव 2, श्रीगंगानगर और धौलपुर में 4 दशमलव 8 और नागौर में 5 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस रहा। सवाईमाधोपुर, भीलवाडा, उदयपुर, चित्तौडगढ और जालौर में भी सर्दी के तेवर तीखे बने हुए हैं। हमारे झुंझुनूं संवाददाता ने बताया कि जिले के तापमान में हालांकि बढोतरी हुई है, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बनी हुई है।

...............

इस बीच, मौसम विभाग ने कल एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट की संभावना जताई है। विभाग ने कहा कि राज्य में चल रहे शीतलहर और कहीं–कहीं अति शीतलहर का दौर जारी आगामी 4–5 दिनों में भी जारी रहने के आसार हैं। 20 दिसम्बर से कोटा और भरतपुर संभाग में सुबह के समय कहीं–कहीं घना कोहरा छाए रहने की भी आशंका है।

000

प्रदेश में सर्दी बढने के साथ ही राज्य सरकार ने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालकों को पशुओं को शीतलहर से बचाने के इंतजाम करने की सलाह दी है। उन्होंने पशुओं को रात के समय खुले में नहीं बांधने और खुराक में सूखा चारा और मोटा अनाज देने की अपील की है। श्री कुमावत ने जरूरत पडने पर पशुओं को नजदीक के पशु चिकित्सालय या उप केंद्र में दिखाने को भी कहा है।

000